'पराक्रम के पथिक' प्रदर्शनी का उद्घाटन

भोपल। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) भोपाल के सहयोग से आयोजित 'पराक्रम के पथिक' प्रदर्शनी का उद्घाटन समारोह आज संग्रहालय परिसर में आयोजित किया गया। यह प्रदर्शनी भारत की सेवा भावना और साहसिक परंपरा को समर्पित है।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त इंडियन फॉरेस्ट सर्विस अधिकारी कप्तान अनिल कुमार खरे उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में एसएसबी भोपाल के कमांडेंट श्री सतीश कुमार ने भी समारोह की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर संग्रहालय के निदेशक प्रोफेसर अमिताभ पांडे ने समारोह की अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि कप्तान अनिल कुमार खरे ने अपने उद्घाटन भाषण में युवाओं में सेवा भावना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, आज हमें युवाओं को न केवल सेवा के कार्यों के बारे में जागरूक करने की जरूरत है, बल्कि उन्हें सशस्त्र बलों में शामिल होने और राष्ट्र की सेवा करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। साथ ही, प्रकृति से बड़ा कोई शक्तिशाली नहीं है। हमने अपने पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों का अति दोहन कर इसे मानव जाति के लिए खतरा बना दिया है। हमें पर्यावरण के संरक्षण और संसाधनों के सतत उपयोग की दिशा में गंभीर प्रयास करने होंगे। कमांडेंट सतीश कुमार ने सशस्त्र सीमा बल की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा, सशस्त्र सीमा बल की स्थापना 1963 में की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य भारतीय सीमाओं की सुरक्षा करना और प्राकृतिक व मानवजनित आपदाओं के समय देश की जनता की सेवा करना है। भारत-नेपाल और भारत-भूटान सीमाओं की रक्षा की विशेष जिम्मेदारी भी एसएसबी को सौंपी गई है, जिसे यह बल पूर्ण निष्ठा और दक्षता के साथ निभा रहा है।

संग्रहालय के निदेशक प्रोफेसर अमिताभ पांडे ने कहा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय हमेशा भारतीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण में समर्पित रहा है। 'पराक्रम के पथिक' प्रदर्शनी, जो एसएसबी के साथ मिलकर आयोजित की गई है, संग्रहालय में आने वाले युवाओं और आगंतुकों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। यह प्रदर्शनी न केवल सशस्त्र बलों के साहस और सेवा भावना को प्रदर्शित करती है, बल्कि युवाओं में राष्ट्र और सेवा के प्रति समर्पण का भाव भी जाग्रत करेगी। हम सभी का स्वागत करते हैं और आह्वान करते हैं कि लोग हमारे साथ मिलकर कला, संस्कृति, और सेवा से जुड़े कार्यों में सहयोग करें।

सशस्त्र सीमा बल के ये रौशन चराग़,
हर तूफ़ान को मोड़ दें अपनी सरफ़राज़।
पराक्रम के पथिक, फ़लक के हैं सितारे,
इनकी शुजाअत के क़िस्से ज़माना पुकारे।

प्रदर्शनी के साथ ही सशस्त्र सीमा बल के जवानों द्वारा मॉक ड्रिल का प्रदर्शन किया जाएगा। इस मॉक ड्रिल में आपदा प्रबंधन के दौरान संकट से निपटने और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के तरीकों को दर्शाया जाएगा। इसके अतिरिक्त, मध्य प्रदेश पुलिस बैंड की मनमोहक प्रस्तुतियां भी दर्शकों का मनोरंजन करेंगी। पराक्रम के पथिक' प्रदर्शनी संग्रहालय के विजिटर्स, विशेषकर छात्रों और युवाओं के लिए एक अद्वितीय अनुभव और प्रेरणा का माध्यम होगी। यह प्रदर्शनी सेवा भावना, पर्यावरण संरक्षण, और राष्ट्रीय कर्तव्य के प्रति समर्पण का संदेश देती है। कार्यक्रम समन्वयक श्री राजेंद्र झरिया एव धरी सिंह थे कार्यक्रम का संचालन मोहमद रेहान द्वारा किया गया एव आभार प्रदर्शन संग्रहालय के प्रशासनिक अधिकारी श्री हेमंत बहादुर सिंह परिहार ने किया ।

सेनहाइज़र ने लॉन्च किया प्रोफ़ाइल वायरलेस

भोपाल। कंटेंट बनाते समय, तैयारी और लचीलेपन के साथ साथ एक बहुमुखी वायरलेस ऑडियो सिस्टम भी ज़रूरी है जो ऑडियो क्वालिटी से समझौता किए बिना आसानी से और तेज़ी से ध्वनि कैप्चर करने में आपकी मदद करता है। क्रिएटर्स और वीडियोग्राफर्स के लिए, सेनहाइज़र ने प्रोफाइल वायरलेस लॉन्च किया, जोकि दो-चैनल, 2.4 गीगाहर्ट्ज वायरलेस माइक्रोफ़ोन सिस्टम है जो मोबाइल फ़ोन, कैमरा या कंप्यूटर से कनेक्ट होता है, और इसे क्लिप-ऑन माइक, हैंडहेल्ड माइक या टेबल-टॉप माइक्रोफ़ोन के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है - जो भी स्थिति की मांग हो। प्रोफाइल वायरलेस में अभूतपूर्व आसानी से उपयोग के साथ उच्च-गुणवत्ता वाले ऑडियो को कैप्चर करने के लिए सब कुछ शामिल है। इसमें एक मल्टी फंक्शनल चार्जिंग बार है जो सिस्टम के प्रमुख कंपोनेंट्स को संग्रहीत और चार्ज करता है और हैंडहेल्ड या डेस्कटॉप माइक के रूप में भी काम करता है।

विकसित भारत की ओर बढ़े सशक्त कदम

भोपाल। एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त संस्थान बीएसएसएस इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज ने अपने परिसर में अंतर्राष्ट्रीय प्रबंधन संगोष्ठी 2024 की शानदार मेजबानी की।

शिक्षा, शोध और परामर्श में उत्कृष्टता के लिए पहचान बनाए बीएसएसएस आईएएस ने सिनर्जी यूनिवर्सिटी, मॉस्को और बीएनआई, भोपाल के सहयोग से इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस संगोष्ठी में विशेष रूप से सतत विकास और ऊर्जा संक्रमण, नेतृत्व, संगठनात्मक संस्कृति, सतत विकास के लिए हरित ऊर्जा और समावेशी शिक्षा प्रथाओं के लिए प्रौद्योगिकी के अंतर्संबंध जैसे विषयों पर बल दिया गया। संगोष्ठी में कई प्रतिष्ठित अतिथि और वक्ता शामिल हुए, जिनमें श्री प्रदीप करमबेलकर, बिज़ नेटवर्क के संस्थापक और बीएनआई, भोपाल के कार्यकारी निदेशक, सुश्री अनाथासिया शांशिना, सिनर्जी यूनिवर्सिटी, मॉस्को में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिए कार्यकारी निदेशक, सुश्री रवदीप कौर, केपीएमजी में एसोसिएट डायरेक्टर, अमिताव चटर्जी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट, और सुश्री नेहा रामवानी, जेएम फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स लिमिटेड में मानव संसाधन प्रबंधक, राजीव अग्रवाल, इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष शामिल थे।

अनावश्यक अलार्म चेन पुलिंग पर लगेगा अंकुश

भोपाल। भारतीय रेलवे यात्रियों को बेहतर सुविधा और समयपालन प्राथमिकता देने के साथ अपने गंतव्य तक सुरक्षित और समय पर पहुंचाने का निरंतर प्रयास करती है। लेकिन कुछ यात्रियों द्वारा बिना किसी उचित कारण से यात्री गाड़ियों में अलार्म चेन पुलिंग (एसीपी) करने से न केवल प्रभावित गाड़ी बल्कि उसके पीछे आने वाली अन्य यात्री और मालगाड़ियां भी विलंबित होती हैं। इससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है और रेलवे को हर एसीपी घटना पर औसतन 52,000 का वित्तीय नुकसान होता है। भारतीय रेलवे अब इस गंभीर समस्या पर कड़ा रुख अपनाने जा रही है। वर्तमान में अर्थदंड के साथ-साथ रेलवे को हुए नुकसान की वसूली की योजना तैयार की जा रही है। यह जल्द ही लागू होगा। रेलवे ने यह भी स्पष्ट किया कि अनाधिकृत चेन पुलिंग के मामलों में आरोपियों से नुकसान की वसूली के लिए न्यायालय में याचिकाएं दायर की जा रही हैं। पिछले तीन महीनों में भोपाल मंडल में रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने 1262 आरोपियों के खिलाफ रेल अधिनियम की धारा 141 के तहत मामले दर्ज किए।

संभावना गतिविधि में आज नृत्य एवं गायन की प्रस्तुति

भोपाल। मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य,गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि संभावना का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 22 दिसंबर को प्रहलाद कुर्मी एवं साथी, सागर द्वारा राई नृत्य, सुश्री केवल कुमार एवं साथी, अनूपपुर द्वारा गोण्ड जनजातीय गुदुमबाजा नृत्य एवं नागेंद्रनाथ पाण्डेय एवं साथी, आरा द्वारा भोजपुरी गायन की प्रस्तुति दी जायेगी। मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में प्रति रविवार दोपहर 02 बजे से आयोजित होने वाली गतिविधि में मध्यप्रदेश के पांच लोकांचलों एवं सात प्रमुख जनजातियों की बहुविध कला परंपराओं की प्रस्तुति के साथ ही देश के अन्य राज्यों के कलारूपों को देखने समझने का अवसर भी जनसामान्य को प्राप्त होगा।

ध्यान व्यक्ति के स्वास्थ्य और कल्याण में सकारात्मक भूमिका निभाता हैः सुश्री दुबे

भोपाल। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय द्वारा विश्व ध्यान दिवस 2024 के अवसर पर साउंड ऑफ साइलेंस का आयोजन संग्रहालय के चरेवेती मुक्ताकाश मंच पर किया गया ।

कार्यक्रम के प्रारम्भ मे योग साधना के प्रमुख श्रद्धा दुबे का संग्रहालय के निदेशक प्रो अमिताभ पांडे ने पुष्प गुछ देकर एव संग्रहालय के प्रतीक चिन्ह भेट कर स्वागत किया । सुश्री श्रद्धा दुबे ने संबोधित करते हुए कहा की इस कार्यक्रम का उदेश्य मानसिक शांति,आंतरिक संतुलन और ध्यान की शक्ति को अनुभव कराना है। प्रकृति की गोद मे खुली हवा के मंच पर आयोजित यह कार्यक्रम आपको एक ऐसी यात्रा पर ले जाएगा जो न केवल आपके मन को शांत करेगी बल्कि आपके अंदर सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करेगी। योग के अभ्यास से व्यक्तिगत चेतना का सार्वभौमिक चेतना के साथ मिलन होता है, जो मन और शरीर, मनुष्य और प्रकृति के बीच पूर्ण सामंजस्य का संकेत देता है।उन्होने यम ,नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, तथा समाधि, के बारे मे बताते हुए अभ्यास कराया और साउंड ऑफ साइलेंस के महत्ता को ध्यान करवाकर कर समझाया।

स्कोप ग्लोबल स्किल यूनिवर्सिटी के आईटी छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

भोपाल। स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) विभाग ने छात्रों के लिए भोपाल के पास स्थित यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल भीमबेटका में ज्ञानवर्धक यात्रा का आयोजन किया यह अनुभव न केवल शैक्षणिक दृष्टिकोण से समृद्ध था बल्कि छात्रों को सांस्कृतिक धरोहर से भी जोड़ने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। छात्रों ने अपनी यात्रा की शुरुआत भीमबेटका के प्रसिद्ध रॉक शेल्टर्स को देखने से की, जो अपनी प्राचीन चित्रकारी और ऐतिहासिक महत्व के लिए प्रसिद्ध हैं। इस अवसर पर छात्रों ने वहां की गुफाओं में बने 10,000 साल पुराने शैल चित्रों को देखा, जो प्राचीन मानव जीवन और उनकी गतिविधियों को दर्शाते हैं। इस अनुभव ने उन्हें सांस्कृतिक धरोहर और उनके ऐतिहासिक महत्व को करीब से जानने और प्राचीन मानवों की कलात्मकता को समझने का अवसर प्राप्त करने के साथ साथ खूब मनोरंजन भी किया। एसजीएसयू (आईटी) विभाग डीन डॉ एस वीनाधरि ने बताया कि यह भ्रमण हमारे छात्रों के लिए न केवल शिक्षा का हिस्सा था, बल्कि उन्हें भारतीय धरोहर से जोड़ने का प्रयास भी ।

सूडोकु नवताल- 7281

✱✱✱✱☆ मध्यम

2	9		3	1			8	
3	6		2		7		9	
		7			6		2	1
	7		1					
1	3			4			7	2
					5		4	
6	2		4			9		
	5		6		9		1	8
	1			5	3		6	4

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7280 का हल

3	9	7	5	1	4	6	8	2
1	2	8	6	9	3	4	5	7
6	4	5	2	8	7	1	3	9
5	7	3	4	6	9	2	1	8
2	1	9	7	5	8	3	4	6
4	8	6	3	2	1	7	9	5
9	3	2	8	4	6	5	7	1
7	6	1	9	3	5	8	2	4
8	5	4	1	7	2	9	6	3

काकुरो पहेली - 6960



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

1 2 3 5

1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

काकुरो - 6959 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 8348



बाएँ से दाएँ

1.ईश्वर,भगवान-2
3.सुंदर,खूबसूरत-3
6.सलाह,मत-2
8.लाल कलश-3
10.वध करना 3
12.निर्माण-3
14.रूई का पौधा 3
17.आयोग्य-3
19.अंजाम देना 3
21.कल,हल्का 2
23.नौकरानी 3
26.गाने का ढंग, शैली 2
28.एक गहरा व कड़ा बर्तन 3
30.तृतीय, दूसरे के बाद-3
32.सेनापति, जगुआ 3
35.भीख,खरोंक-3
37.कथा,गाथा-3
39.पथ,मार्ग-2
40.राहु का एक पुत्र-3
41.एक विदेशी शहर

ऊपर से नीचे

1.क्रिकेट में बनाते हैं 2
2.बसंत का समय-3
4.हद,सरहद-2
5.स्वर्ग का विलोम 3
7.यमराज,मृत्यु देवता 2
9.नृत्य कला-3
11.अर्धचित्र-3
13.असफल-3
15.सहज, आसान 3
16.श्रावण, आषाढ़ के बाद का महीना-3
18.आराम, मदद, चैन-3
20.गुस्सिया, सरदार 3
22.भूमि, वसुंधरा-3
24.क्रुद्ध, खफा होना-3
27.मकसान-3
29.योग्य, काबिल, गुणवान 3
31.दूसरे का एक भीन्न पदार्थ-3
33.एक चाली जो प्रायः बोली बोने, पानी भरने आदि के काम करती है 3
34.रास्ता, मार्ग-2
36.एक अंग्रेजी शहर 2
38.एक औषधीयुक्त पेड़-2

शब्द पहेली -8347 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 6778



बायें से दायें:-

१. धर्मेन्द्र, राखी की 'पल पल दिल के पास' गीत वाली फिल्म-२,२
४. 'इमली का बूटा' गीत वाली दिलीपकुमार, राजकुमार, विवेक मुशरन, मनीषा की फिल्म-४
६. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की 'नहीं कही थी बात' गीत वाली फिल्म-३
७. 'आईने के सौ टुकड़े' गीत वाली जीतेंद्र, जयाप्रदा की फिल्म-१
९. लकी अली, गौरी कार्णिक की 'खोया है तूने जो' गीत वाली फिल्म-२
१०. राकेश रोशन, योगिता बाली की 'लो मेरा प्यार लेलो' गीत वाली फिल्म-४
१३. 'तुम्ही रहनुमा हो' गीत वाली अनिल धवन, राधा सलूजा की फिल्म-३
१५. सुनीलदत्त, मीनाकुमारी की 'रंग और नूर की' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'ए बी सी डी छोड़ो' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेंमा मालिनी की फिल्म-२,२
२१. राजेंद्रकुमार, वैजयंतीमाला की 'हमसे तो अच्छी तेरी' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'कोई देख रहा रहा' गीत वाली सनी देओल, सुष्मिता सेन की फिल्म-२
२४. सुनील शेट्टी, सोमी अली की 'आ जा जाने जां' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'मैं तेरा मजनूं' गीत वाली गोविंदा, सोनाली, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-२
२७.शाहरूख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या की 'मेरे खयालों की' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'अपने दिल में जगह' गीत वाली अनिल धवन, नीतूसिंह की फिल्म-३
२९. फरदीनखान, करीना कपूर की 'तेरे बिना तेरे बिना' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'मेरे ख्वाबों का' गीत वाली अजय देवगन, अभिषेक, बिपाशा की फिल्म-३
३२. अनिलकपूर, श्रीदेवी, रवीना की 'मैं राजू दीवाना' गीत वाली फिल्म-३

ऊपर से नीचे:-

२. सनी देओल, सुनील, शिल्पा की 'कोई परी आती नही' गीत वाली फिल्म-२
३. 'ओ नचली नचली' गीत वाली सनी, सोहेल, सुनील, जॉन की फिल्म-३
४. राजेश खन्ना, टीना, पद्मिनी की फिल्म-३
५. 'मैं निकला गड्डी लेके' गीत वाली फिल्म-३
८. संजयदत्त, गोविंदा, दिव्या, ममता की 'दिल तो खोया है' गीत वाली फिल्म-४
९. 'गोरे गोरे मुखड़े पे' गीत वाली अजय, अक्षय, करिश्मा, नगमा की फिल्म-३
११. शशिकपूर, शबाना आजमी की फिल्म-३
१२. 'हाथी मेरे साथी' की नायिका ?-३
१४. 'तुमको कितना है' गीत वाली सनी, सुनील, सेलिना जेटली की फिल्म-२
१६ संजयकपूर, शिल्पा शेट्टी की 'टक टका टक' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'चांदनी रातें प्यार की बातें गीत वाली देवआनंद, गीताबाली की फिल्म-२
१९. शशिकपूर, जीतेंद्र, रेखा की 'प्यार करना नहीं आया' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'यशोदा का नंदलाला' गीत वाली जयाप्रदा, जीतेंद्र, विनोद की फिल्म-३
२२. 'एक बेचारा प्यार का मारा' गीत वाली फिल्म-३
२४. 'जो बीच बजरिया' गीत वाली अब्बास, शर्बाणी मुखर्जी की फिल्म-२
२५.विश्वजीत, वहीदा रहमान की फिल्म-३
२६. 'आज पुरानी राहों से' गीत वाली फिल्म-३
२७. देवआनंद, हेमा मालिनी की फिल्म-३
३०. 'आज सरे महफिल' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 6777

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग-6887

1			4	3		2
5	33	7	35		28	
		2		6		5
	32	3	38		32	
7	5			4	2	1
	33	1	31		30	4
3			6		5	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खाड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 6886 का हल

4	3	7	5	6	1	2
5	33	3	35	1	27	7
6	1	4	7	2	5	3
3	26	2	40	7	34	6
1	3	6	7	5	2	4
2	29	1	33	4	30	5
7	4	5	2	3	6	1

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 7887

त	स	आ	त्म	ली	न	षा	गु	बा	प	दे
क	अ	अ	त्म	त	अ	ला	र	न	द	जू
आ	स	आ	क	प्र	न	भि	द	नं	जू	व
जी	अ	चा	आ	र	ति	गु	आ	प	दे	न
व	अ	र्य	त	अ	ला	छा	न	श	म	क
न	आ	चा	र	वा	न	द	शा	च	व	त
वा	अ	सौ	र	जा	ला	गु	आ	प	दे	आ
ह	आ	मो	व	आ	वा	द	ह	यु	व	ग
क	जा	ह	व	प	गो	द	व	प	र	र
र	दी	ब्ब	पत्र	प	स	श	ह	वि	बा	क
स	बा	तें	व	न	ज	द	आ	गा	ह	र

शब्द जाल में 'आ' से शुरु होने वाले 10 शब्द ढूंढिए. दिए गए शब्द ऊपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

आत्मलीन, आत्मप्रतिष्ठा, आचारवान, आगोश, आगाह, आनंद, आजीवन, आचार्य, आजादी, आचमन.

शब्दजाल - 7886 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore